RSSB Science of the soul - New Zealand

# न्यूज़ीलैंड सत्संग घर

## सतगुरु का सत्संग प्रोग्राम

Science of the Soul Study Centre New Zealand
315 Ihumatao Road, Māngere, Auckland 2022

मंगलवार, 3 जून 2025 और बुधवार, 4 जून 2025, सुबह 10:00 am

| | |
|---|---|
| गेट खुलने का समय | 6.00 am |
| सत्संग हॉल और फैमिली एरिया (family area) खुलने का समय | 7:00 am |
| संगत के लिए ज़रूरी सूचनाएं | 7:30 am, 9 am |
| सवाल पूछने वालों के चुनाव का समय | 8.00-8.30 am |
| शब्द शुरू होने का समय | 8:00 बजे |
| सत्संग/ सवाल जवाब का प्रोग्राम | 10.00 am (9.30am भी शुरू हो सकता है) |
| प्रोग्राम/ सवाल जवाब की समाप्ति | 11.30 am |
| सत्संग घर बंद होने का समय | 12 noon |
| | |

**आने और जाने का समय–** इहुमाटाओ रोड (Ihumatao road) पर सुबह जल्दी लाइनें लगाने की सख्ती से मनाही है, क्योंकि इससे हमारे पड़ोसियों और आसपास के लोगों को मुश्किल और असुविधा होती है और हम नहीं चाहते कि जल्दी पहुँचने वाले लोगों को किसी भी दुर्घटना का या असुविधा का सामना करना पड़े। जो लोग अपनी कारों से जल्दी आएंगे, उन्हें कार पार्क बहुत दूर करनी होगी और उन्हें सत्संग हॉल के खुलने तक, सुबह 7 am तक अपनी कारों में ही रहना होगा। सत्संग हॉल में, सभी आगे वाली सीटें, सत्संग घर की बसों में आने वाली संगत के लिए रखी जाएंगी, इसलिए अपनी कारों में जल्दी आने का कोई लाभ नहीं है।

**ट्रैफिक कम करने की मदद के लिए बसों का उपयोग करें –** क्योंकि इस बार साल 2025 के मास्टर टूर के दौरान संगत के बढ़ने की उम्मीद है, इसलिए हम कुछ महत्वपूर्ण बदलाव आपसे सांझा कर रहे है ताकिं संगत को ट्रैफिक का या किसी और मुश्किल का सामना ना करना पड़े और ख़ास कर अपने आस पड़ोस वालों का ध्यान रख सकें ताकिं उनको भी हमारी वजह से कोई तकलीफ ना हो। संगत को किसी भी तरह की भीड़ में फ़सने की मुश्किल ना हो और हमारे आस पड़ोस को किसी भी तरह की हमारी वजह से असुविधा ना हो, इन सब बातों का ध्यान रखते हुए हम ऑकलैंड और ऑकलैंड के बाहर से आने वाली संगत के लिए बस सेवा प्रदान कर रहें हैं। यह सेवाएं हम टोरंटो और वैंकूवर सत्संग घरों के सफलतापूर्वक उपयोग से प्रेरित होकर कर रहे हैं। हमें पूरी उम्मीद है कि आप सब के सहयोग से यह प्रयोग ऑकलैंड में भी सफल होगा।

**सत्संग घर की बस सेवा का उपयोग करने वालों को आगे बैठने की पहल –** सत्संग घर से संगत के लिए बसों का प्रबंध किया जाएगा जो उनको सत्संग घर में लाने और वापिस छोड़ने की सेवा प्रदान करेगी। जो लोग बसों का उपयोग करके आएँगे उनको सत्संग हॉल में आगे बैठने की पहल दी जाएगी। तो आगे बैठने की इच्छुक संगत को बसों का उपयोग करने की सलाह दी जाती है। बस सवारियों को, सत्संग घर के अंदर और बाहर जाने की पहल और स्नैक पैक खरीदने की पहल भी दी जाएगी। इसके कारण सत्संग हॉल में आगे वाला हिस्सा बस में आने वाले लोगों द्वारा भरा जाएगा। बस सेवा का उपयोग करने के लिए आप को बस कूपन खरीदना होगा। अगर आपको किसी ख़ास वजह के कारण या विशेष जरूरतों के कारण अपनी कार में आना पड़ता है तो आप अपनी कार ला सकते हैं लेकिन आपको विनम्रतापूर्वक बिनती की जाती है और सलाह दी जाती है कि कार पार्किंग की जगह कम होने की वजह से आप कारपूलिंग करें ताकिं हमारे आस पड़ोस को कोई मुश्किल न हो।

**बस कूपन-** कूपन बहुत ज्यादा उपलब्ध नहीं हैं/ सीमित हैं और पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर बेचे जाएंगे। ऑकलैंड में रहने वाली संगत इसे सत्संग से पहले और बाद में सूचना डेस्क से खरीद सकती है और ऑकलैंड के बाहर की संगत उन्हें अपने सेंटर के एकोमोडेशन सेवादार से खरीद सकती हैं। बस कूपन की कीमत प्रति व्यक्ति प्रति दिन 10 डॉलर होगी। 5 वर्ष से छोटे बच्चों के लिए बस सेवा मुफ्त हैं, और 5 वर्ष और उससे ऊपर के बच्चों के लिए आपको कूपन खरीदना पड़ेगा। आपको कलाई पर बांधने के लिए एक कलाई बैंड दिया जाएगा जिससे सेवादारों को पता चलेगा कि आप को आगे की सीटों पर बैठाना है। फॅमिली एरिया (family area) में बैठने वाले माता-पिता को कोई कलाईबैंड नहीं मिलेगा, लेकिन अगर उनमें से कोई एक, माता या पिता सत्संग हॉल में जा रहे हैं, तो उन्हें एक कलाईबैंड दिया जाएगा। हर रोज़ अलग रंग का कलाई बैंड आपको बस में चढ़ते समय दिया जाएगा। कृपया अपने कूपन को संभाल कर रखें, क्योंकि अगर आपने अपना कूपन गुम कर दिया है तो आपको उस की जगह दूसरा कूपन नहीं दिया जाएगा, और अगर आपके पास गलत कूपन है तो आपको बस में चढ़ने नहीं दिया जाएगा।

**स्नैक पैक –** आप $4 में एक स्नैक पैक खरीद सकते हैं, जिसमें एक सेब, एक म्यूज़ली बार, एक छोटी पानी की बोतल, और एक छोटी टेट्रा जूस पैक शामिल है। आप कूपन अपने अपने सत्संग घरों से खरीद सकते हैं। हालांकि कूपन आप टूर के दौरान भी खरीद सकते हैं लेकिन संगत को लंबी इंतज़ार से बचने के लिए इन्हें पहले से खरीदने की सलाह दी जाती है।

**सत्संग हॉल में बैठना -** संगत को 9 am तक अपनी सीट पर बैठना ज़रूरी है। जो लोग एक साथ बैठना चाहते हैं, उन्हें एक साथ आना चाहिए, क्योंकि दूसरों के लिए सीट रखने की अनुमति नहीं होगी। सभी की सुरक्षा और आराम के लिए, कृपया सेवादारों के साथ सहयोग करें।

**पार्किंग और सत्संग घर से बाहर जाना -**कृपया जहाँ पर आपको सेवादार कार पार्क करने को कहें वहीं करें। कार पार्क से लेकर सत्संग हॉल में सीट लेने तक आपको बीस मिनट लग सकते हैं। सत्संग घर छोड़ते समय कृपया धैर्य रखें, क्योंकि कई कारें एक साथ निकल रही होंगी।

**विशेष कार पार्किंग –** ख़ास कार पार्किंग के लिए आपको एक विशेष कार पास की ज़रूरत होगी जोकि आप फर्स्ट ऐड के सेवादारों से ले सकते हैं। यह पास आपको अपनी कार के अगले शीशे पर लगाना होगा ताकि पार्किंग सेवादार आपको आपके लिए रखी कार पार्क की और भेज सकें। और जानकारी के लिए अपने सेक्रेटरी से सम्पर्क करें। लोगों को यह भी सलाह दी जाती है कि वे अपने दवाइयां साथ लाएं, क्योंकि फर्स्ट ऐड टीम कोई दवाइयां अपने पास नहीं रखती है।

**गेट से अंदर आना -** सत्संग घर के अंदर आते समय ट्रैफिक सेवादारों के निर्देशों का पालन करें और उनका सहयोग दें ताकिं सड़कों पर कारों की लम्बी लाईन/कतार ना लगे।

**इन चीज़ों को लेकर आना मना है –** किसी भी इलेक्ट्रॉनिक सामान (जैसे मोबाइल फोन, स्मार्टवॉच, कैमरा, दूरबीन या कोई अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान) का इस्तेमाल करके फोटोग्राफी और ऑडियो/वीडियो रिकॉर्डिंग सत्संग घर में (सत्संग हॉल, फैमिली एरिया और आस-पास की जगह) सख्त मना है। ऐसी कोई भी वस्तु जो सत्संग घर पर लाई जाए, उसको मोबाइल जमा करवाने वाली जगह जमा करना होगा। बड़ी वस्तुएं, बड़े बैग और बड़े पर्स सत्संग हॉल के अंदर ले जाने की अनुमति नहीं है। इन सब चीज़ों को जहाँ आप रुके हैं वहां या अपनी कार में (अपनी ज़िम्मेदारी पर) छोड़ सकते हैं या सत्संग घर में इन सब चीज़ों को जमा करवाने वाली जगह पर जमा करवा सकते हैं। पानी की बोतलें, छोटा मोटा खाने का सामान, अपनी दवाइयाँ हाल के अंदर ले जाने की अनुमति होगी। सत्संग हाल के अंदर जाते समय आपसे सेवादार आपको अपना सामान जांच करवाने के लिए कह सकते हैं। कृपया उनका सहयोग दें।

**नोट्स लेना (Note - taking)** – सतगुरु की इच्छा है कि हम उनके साथ होने का पूरा फायदा उठाएं और समय और ध्यान को नोट्स लेने में न बर्बाद करें। कृपया सत्संग, प्रश्न-उत्तर के दौरान नोट्स ना लें। नोट्स लेने और ऐसे नोट्स को इंटरनेट या किसी भी और ज़रिये से दूसरों तक पहुँचाने की मनाही है।

**किताबें, तस्वीरें और वीडियो खरीदना -** संत मत की पुस्तकें और तस्वीरें सत्संग से पहले और बाद में खरीदी जा सकती हैं। इस के लिए आप नकद और EFTPOS दोनों का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**लाने और छोड़ने का प्रबंध –** अगर आपको कोई छोड़ने या लेने आ रहा है उसके लिए ख़ास जगह होगी जहाँ वो आपको छोड़ सकते हैं और लेने आ सकते है। सत्संग घर से बाहर निकलते समय कृपया धैर्य रखें और सेवादारों के निर्देशों का पालन करें।

**फर्स्ट ऐड (First-aid) -**फर्स्ट ऐड सेवा केवल सत्संग प्रोग्राम के दौरान ही उपलब्ध होगी। संगत को अपनी अपनी आवश्यकताओं के अनुसार दवाइयाँ लाने की सलाह दी जाती है।

**सत्संग में बच्चों के साथ आना -** 10 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को फॅमिली एरिया (family rea) में अपने माता-पिता या 18 साल या उससे अधिक उम्र के व्यक्ति के साथ होना ज़रूरी है। 10 से 12 वर्ष तक के बच्चे फॅमिली एरिया या सत्संग हॉल में से किसी एक जगह पर जा सकते हैं, लेकिन उन्हें हमेशा अपने माता-पिता या 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के व्यक्ति के साथ रहना होगा। फॅमिली एरिया सुबह 7 am से सत्संग प्रोग्राम समाप्त होने तक खुला रहेगा। एक बार जब कोई माता-पिता फॅमिली एरिया में आ जाएँ, तो वे संतसंग प्रोग्राम ख़त्म होने तक फॅमिली एरिया से बाहर नहीं जा सकते। कार पार्किंग पास, 3 साल तक के बच्चों के लिए उपलब्ध होंगे। और जानकारी की लिए अपने सेक्रेटरी से सम्पर्क करें।

**मौसम और पहनावा –** जून महीने में ऑकलैंड का मौसम आमतौर पर ठंडा, गीला और हवा वाला होता है। क्योंकि सत्संग घर खुली जगह में है तो आपको मौसम के अनुसार कपडे पहनने की सलाह दी जाती है। बारिश और तेज धूप भी हो सकती है। पार्किंग की जगह दूर होने के कारण, आपको आरामदायक जूते पहनने की सलाह दी जाती है। दूसरों के प्रति शिष्टाचार रखते हुए, कपड़े साधारण और अवसर के अनुसार पहनने की बिनती की जाती है।

**होटलों में रहने की व्यवस्था -** ऑकलैंड से बाहर रहने वाली संगत के लिए होटलों में रहने की सुविधा उपलब्ध है, इसके बारे में और जानकारी के लिए कृपया अपने सेक्रेटरी से संपर्क करें।

**प्रश्न और उत्तर –** 18 वर्ष से ऊपर कोई भी व्यक्ति बाबाजी से प्रश्न पूछ सकता है। इसके लिए लॉटरी सिस्टम होगा। अगर आपको सवाल पूछना है तो आपको एक कमरे में लेकर जाया जाएगा जहाँ पर 8 am लॉटरी निकाली जायेगी। लॉटरी निकलने से पहले आप हॉल में जाकर अपनी जगह नहीं रख सकते। अगर आप प्रश्न उत्तर के लिए नहीं चुने जाते तो आपको हॉल में जहाँ भी जगह मिलेगी वही बैठना होगा। पूरी जानकारी के लिए कृपया अपने सेक्रेटरी से संपर्क करें।

**संगत से बिनती –** प्रोग्राम के दौरान कभी भी ताली नहीं बजानी चाहिए। कृपया प्रश्न पूछने वाले व्यक्ति की ओर मुड़कर न देखें क्योंकि किसी को हो सकता है अच्छा ना लगे।

**प्रश्न उत्तर की साथ साथ ट्रांसलेशन –** एक ख़ास जगह पर आपके लिए हिंदी से अंग्रेजी और अंग्रेजी से हिंदी में ट्रांसलेशन सुनने के लिए हैडफ़ोन लगाए जाएंगे। सीटें पहले आओ पहले पाओ के आधार पर होंगी।

**परफ्यूम, खुशबू वाली चीज़ें और सिगरेट पीना –**कृपया हमें उन लोगों का ध्यान रखते हुए जिनको स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं (एलर्जी, अस्थमा, आदि) है, कोई भी परफ्यूम या खुशबूदार वाली चीज़ न लगाएं। पूरे सत्संग घर में सिगरेट पीना मना है।

**सूचना डेस्क (Info-desk) -** सत्संग हॉल के अंदर जाने के रास्ते में एक सूचना डेस्क होगा जहाँ पर आप सेवादारों से जो जानकारी चाहिए ले सकते हैं।

**सत्संग घर छोड़ते समय -** क्योंकि कारों को सत्संग घर से बाहर निकलने में समय लग सकता है इसलिए धीरज से इंतज़ार करें। सड़कों पर गाड़ियों की लम्बी लाइनों की वजह से आपको निकलने में देरी हो सकती है। इसलिए अगर आपको सत्संग घर से एयरपोर्ट जाना है तो आप अपनी फ्लाइट्स उस हिसाब से बुक करवाएं।

**गुम हुआ और मिला सामान –** अगर आपको कोई सामान मिला है तो आप उसे सूचना डेस्क पर जमा करवा सकते हैं और आपका कुछ गुम हुआ है तो सूचना डेस्क पर पता कर सकते हैं।

**पड़ोसियों के साथ संबंध -**आस पड़ोस में रहने वाले पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखने के लिए, संगत से गुज़ारिश की जाती है कि वे एक-दूसरे के साथ, सेवादारों के साथ और आस पास रहने वाले लोगों के साथ अच्छा व्यवहार करें। सत्संग घर की साफ़ सफाई का ध्यान रखते हुए कूड़े कचरे को कूड़ादानों में डालें। सत्संग घर में पीने वाले पानी की व्यवस्था होगी। सत्संग घर में मांसाहारी भोजन, शराब की सख्त मनाही है और कहीं भी धूम्रपान भी अनुमति नहीं है।